चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ 82-96
दिनांक : 23-11-23

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित परास्नातक स्तर **(एम0ए0, एम0काम0, एम0एस–सी0, एम0एस–सी0 कृषि)** के सत्र 2023–24 की विषम सेमेस्टर (दिसम्बर–2023) प्रथम, तृतीय एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों **बी0एस–सी0 (कृषि)** तथा **बी0एस–सी0 (गृह विज्ञान)** की विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम) की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षाओं तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित **एल0एल0एम0** एवं **एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय)** प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठयक्रमों (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को छोड़कर) तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में **NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित B.A./B.Sc./ B.Com.** (प्रथम, तृतीय एवं पंचम) की विषम सेमेस्टर (दिसम्बर–2023) परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर भरवाये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 23.11.2023 निर्धारित थी।

आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरने से वंचित ऐसे छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक उपर्युक्त सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म नहीं भरा है, को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 05.12.2023 तक निम्नानुसार विस्तारित की जाती है।

ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित विस्तारित तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

01.	छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	**08.11.2023**
02.	छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	**05.12.2023**
03.	परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा करने की अन्तिम तिथि	**06.12.2023**
04.	महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**07.12.2023**

विशेष नोट :–

1. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो पूर्ण सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
2. समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने से सम्बन्धित समस्त नियमो का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
3. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी का परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. समस्त महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सभी विषम सेमेस्टरों के मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों के परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करायेंगे।
5. सन्दर्भित परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार यथा समय विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।
6. समस्त महाविद्यालय/विभाग परीक्षा फार्म सत्यापित करने से पूर्व सुनिश्चित करेंगे कि छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह है। अनर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म सत्यापित किये जाने पर सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग दोषी होगा।
7. महाविद्यालय/विभाग सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा से पूर्व अतिरिक्त कक्षाएं चलाते हुए समस्त पाठ्यक्रमों का पठन–पाठन पूर्ण कर लिया जाये।
8. समस्त महाविद्यालय/विभाग दिनांक 10.12.2023 तक समस्त छात्रों के प्रयोगात्मक/आन्तरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। ऐसे छात्र जिनके प्रयोगात्मक/आन्तरिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन अपलोड नहीं होंगे उनके लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जाएंगे।

23/11/23

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/ निदेशक/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

क्रमशः....2

03. वैयक्तिक सहायक–निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव/सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक